हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 15 जुलाई 2025

04 2 दिवसीय सघन कॉम्बिंग गश्त में पुलिस ने हासिल ...



07 झमाझम बारिश से उफनी नदियां, कटा सड़क...





## खबर संक्षेप



### कलेक्टर को किया गया राज्यपाल द्वारा सम्मानित

**सागर।** सशस्त्र सेना झण्डा दिवस 07 दिसम्बर 2023 के अवसर पर जिला-सागर के लिये निर्धारित लक्ष्य राशि से अधिक संग्रहण के लिये राज्यपाल द्वारा कलेक्टर के योगदान की सराहना की गई है एवं उन्हें प्रशंसा पत्र तथा ट्राफी से सम्मानित किया गया है। उक्त प्रशंसा पत्र तथा ट्राफी जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन (नौसेना) उपेन्द्र प्रताप सिंह भदौरिया (सेनि) द्वारा कलेक्टर संदीप जी आर को भेंट की गई।

### जिले में अब तक 555.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**सागर।** सागर जिले में इस वर्षा सीजन में अभी तक 555.6 मि.मी. औसत बारिश दर्ज की गई है। जिले में स्थापित वर्षामापी केन्द्रों के रिकार्ड के अनुसार एक जून से आज तक राहतगढ़ केन्द्र पर सर्वाधिक 710.0 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक, भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले में स्थापित विभिन्न वर्षामापी केन्द्रों में एक जून से आज तक सागर केन्द्र में 479.0 मि.मी., जैसीनगर में 475.3 मि.मी., राहतगढ़ में 710.0 मि.मी., बीना में 389.0 मि.मी., खुरई में 588.2 मि.मी, मालथौन में 493.0 मि.मी., बण्डा में 625.2 मि.मी, शाहगढ में 604.8 मि.मी, गढ़ाकोटा में 554.2 मि.मी, तथा केसली में 627.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

### बारिश में सावधानी अपनाएं सुरक्षित जगह पर ही रहें

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर द्वारा नागरिकों से आंधी, बिजली और बारिश के दौरान सावधानी बरतने की अपील की गई है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि बारिश के दौरान एवं जल भराव होने की स्थिति में पुल-पुलियों और रपटों पर पानी होने पर उन्हें पैदल या वाहन से पार न करें, बिजली के उपकरणों से दूरी बनाकर रखें और जरूरी खाद्य सामग्री तैयार रखें। स्थानीय समाचार चैनल या अन्य माध्यम से जानकारी लेते रहें और बाहर जाने से बचें ताकि किसी भी तरह की अनहोनी से बचा जा सके। साथ ही बारिश में पूरी साव धानी बरतें। आसमानी बिजली, आंधी-तूफान से खुद को बचाएं। ऐसी स्थिति में बाहर खुले में कोई भी स्थान सुरक्षित नहीं होता है।

### ईवीएम बक्सों का रेंडमाइजेशन संपन्न

**सागर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. तथा अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रूपेश उपाध्याय की उपस्थिति में आगामी पंचायत उप निर्वाचन 2025 (पूर्वार्द्ध) के अंतर्गत पेपरलेस निर्वाचन प्रणाली (इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम) के माध्यम से निर्वाचन की तैयारी हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी स्तर पर ईवीएम मशीनों के बक्सों का रेंडमाइजेशन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न किया गया। इस प्रक्रिया में संबंधित जनपदों एवं ग्राम पंचायतों से निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशीगण तथा उनके अधिकृत प्रतिनिधि, साथ ही संबंधित रिटर्निंग अधिकारी भी उपस्थित रहे। रेंडमाइजेशन की यह प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता एवं निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार की गई। रेंडमाइजेशन की गई ग्राम पंचायतें इस प्रकार हैं जनपद पंचायत जैसीनगर की ग्राम पंचायत आगरा एवं ओरिया, जनपद पंचायत राहतगढ़ की ग्राम पंचायत सेमरा लहरिया, जनपद पंचायत खुरई की ग्राम पंचायत मोहासा। प्रक्रिया के दौरान उपस्थित सभी अभ्यर्थियों एवं अधिकारियों को मशीनों के सुरक्षित संचालन, मतदान दिवस की व्यवस्थाओं तथा इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम से जुड़े पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

---

**पशु मालिक और ग्रामीणजनों को करें जागरूकः कलेक्टर**

# सड़क पर गौवंश बैठे रहने के कारण वाहन दुर्घटना की संभावना को रोकने के लिए कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सड़क पर गौवंश बैठे रहने के कारण गौवंश की मृत्यु होने की संभावना एवं वाहन दुर्घटना की संभावना को देखते हुए कलेक्टर संदीप जी आर ने जिला पंचायत सीईओ, नगर पालिका निगम, समस्त अनुविभागीय अधिकारी, परियोजना निदेशक, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण सागर, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड सागर, उप संचालकए पशु चिकित्सा सेवायें सागर, जिला परियोजना प्रबंधकए मण्प्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन सागर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, समस्त जनपद पंचायत एवं समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका निगम-परिषद को निर्देशित किया है कि सभी अपने अपने क्षेत्र अंतर्गत उक्त संबंध में पशु मालिक एवं ग्रामीणजनों को जागरूक करें, कि गौवंश सड़क पर नहीं बैठे। जागरूकता एवं सहयोग के कारण सब मिलकर दुर्घटनाओं को कम कर सकते है तथा कई लोगों एवं गौवंश की जान बचा सकते है।



जिलें में पायलेट प्रोजेक्ट अन्तर्गत सागर जबलपुर मार्ग, सागर भोपाल मार्ग, सागर नरसिंहपुर मार्ग, सागर छतरपुर / टीकमगढ़ मार्ग, सागर बीना मार्ग, सागर झाँसी मार्ग को चिन्हित किया गया है मुख्य मार्गो की ग्राम पंचायतों के सरपंच सचिव ग्राम रोजगार सहायक के नाम, मोबाईल नंबर तथा गौशालाओं की जानकारी संलग्न है उक्त संबंध में निर्देशित किया जाता है। गौवंश/मवेशियों के बैठने के स्थान को चिन्हित करें।, सड़क पर बैठे गौवंशो को गौशालाओं में भेजने की व्यवस्था कराये। नगर पालिक निगम, नगर पालिका/परिषद, जनपद पंचायत अन्तर्गत का उपयोग किया जाये। आवश्यकता होने पर ब्जजसम ब्जबीमत को नियमानुसार किराये / कय किया जाये। जो पशु मालिक गौवंश को विचरण करने के लिये सड़क पर छोड़ देते है उन पर आवश्यकता होने पर नियमानुसार जुर्मना/वैधानिक कार्यवाही की जाये। सभी संबंधित विभाग उक्त कार्य हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त करे। सभी गौशालाओं को सक्रिय करे तथा गौशालाओं में गौवंशों को चारे, पानी आदि की समुचित बेहतर व्यवस्था हो इसका ध्यान रखा जाये। राजमार्गों / सड़कों पर बैठने वाले गौवंश को हटाकर टोल संचालक अथवा स्थानीय निकायों द्वारा यथासंभव हाइड्रोलिक कैटल लिफ्टिंग व्हीकल / अन्य योग्य वाहन से निकटतम गौशाला/उचित स्थान तक पहुँचाया जाए। इसके अतिरिक्त राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा जागरुकता अभियान चलाकर ग्रामीणों को जागरुक कराया जाए। राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक से समन्वय स्थापित कर गौवंश को राजमार्ग पर आने से रोकने का नियमानुसार प्रबंधन करे। गौवंश के गले में चमकदार पट्टी रिफ्लेक्टिव टेप लगाया जाए। उपरोक्तानुसार गौशाला की जानकारी संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव ग्राम रोजगार सहायक की सूची संलग्न है। उक्त संबंध में नियमानुसार कार्यवाही कर प्रतिवेदन इस कार्यालय को तीन दिवस में प्रेषित करें।



## सफाई कर्मचारियों को रेनकोट किट दी

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा नगर पालिका परिषद द्वारा सफाई मित्रों को बरसात के मौसम से सुरक्षा हेतु रेनकोट किट का वितरण अभिषेक भार्गव एवं मनोज तिवारी ने किया । इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने संबोधित किया। मनोज तिवारी ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हमारे सफाई कर्मी मित्र हर परिस्थिति में स्वस्थ्य व सुरक्षित एवं सक्षम रहें और शहर की स्वच्छता व्यवस्था को उत्कृष्ट बनाए रखें। कार्यक्रम में नगर मंडल अध्यक्ष हरिनारायण पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष बसंत यादव, राजू यादव, दिनेश लहरिया, देवेन्द्र यादव, इन्द्रजीत चौहान, मुश्ताक खान रज्जन लोधी, राजू खान, नीलेश दुबे एवं सभी नगर पालिका परिषद गढ़ाकोटा के कर्मचारी अधिकारी गण उपस्थित रहे ।

## कलेक्टर की बड़ी कार्रवाई, एक शिक्षक निलंबित व अन्य को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर स्कूल में छात्राओं से छेड़छाड़ की घटना घटित होने पर प्राथमिक शाला मुहली खुर्द, (परसोन) विकास खण्ड मालथौन-सागर के प्राथमिक शिक्षक भरत सिंह लोधी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। साथ ही विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी विकास खण्ड-मालथौन जीपी अहिरवार, विकास खण्ड स्रोत समन्वयक जनपद शिक्षा केन्द्र मालथौन विकास खण्ड-मालथौन विजय सिंह ठाकुर, जनशिक्षा केन्द्र प्रभारी परसोन जनशिक्षा केन्द्र-शास.उ.मा.वि. परसोन, विकास खण्ड-मालथौन जगदीश राय, जनशिक्षक जनशिक्षा केन्द्र-शास.उ.मा.वि. परसोन, विकास खण्ड-मालथौन, शंकर लाल सोनी को कारण बताओ नोटिस दिया गया।

बता दें कि प्राथमिक शाला मुहली खुर्द, (परसोन) विकास खण्ड मालथौन-सागर के द्वारा संस्था की दो छात्राओं के साथ छेडखानी किये जाने पर छात्राओं के परिजनों द्वारा पुलिस थाना खिमलासा-खुरई, जिला सागर में शिकायत दर्ज कराई। उक्त खबर यूटूब चैनल (इलैक्ट्रानिक मीडिया) पर बायरल होने के तत्काल उपरान्त विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी मालथौन के प्रतिवेदन से घटना की पुष्टि होना पाया गया। जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द जैन द्वारा कलेक्टर के निर्देश पर भरत सिंह लोधी प्राथमिक शिक्षक को निलंबित करते हुए अन्य को कारण बताओं नोटिस दिया गया। साथ ही उक्त कारण बताओं नोटिस का जबाव दो दिन में देने का आदेश दिया गया है। उत्तर समय सीमा में प्राप्त नहीं होने अथवा समाधान कारक नहीं पाये जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की गई है।

## श्रावण के पहले सोमवार पर रथों पर सवार होकर निज धाम पहुंचे भगवान जगन्नाथ स्वामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा



सागर जिले के गढाकोटा में परंपरानुसार सावन के पहले सोमवार के दिन गाजे बाजे अखाड़ों के साथ भगवान जगन्नाथ स्वामी, वहिन सहोद्रा ओर बलदाऊ भैया 14 दिन बाजार वार्ड स्थित मालगुजार परिवार के जनकपुरी मंदिर में ठहरकर वापिस अपने निज धाम पटेरिया स्थित जगदीश मंदिर अलग अलग रथो पर सवार होकर देर शाम पहुंचे। इसके पूर्व मालगुजार परिवार द्वारा रथो पर विराजे जगन्नाथ स्वामी की आरती कर विदाई की गई। भगवान कि वापसी के अवसर सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा आरती की। वहीं भगवान जगदीश स्वामी की वापिसी की रथयात्रा मे शामिल हुये । वहीं रथयात्रा के अंतिम चरण में पटेरिया धाम पर तीनों रथों के पहुंचने पर महंत हरिदास जी द्वारा भगवान जगदीश स्वामी जी की अगवानी की गई साथ ही मंदिर प्रांगण में रथों पर विराजमान भगवान जगन्नाथ स्वामी, मां सहोद्रा और बलदाऊ भैया की आरती कर राई नमक से नजर उतारकर पुनः जगदीश मंदिर में विराजमान किया गया। इस अवसर पर मंदिर महिलाओं द्वारा बधाईयां गाकर भगवान पुनः मंदिर में आने पर स्वागत गीत गाये गये।

## वरिष्ठ पत्रकार राजेश मनवानी की माताजी रुक्मणि देवी मनवानी पंचतत्व में विलीन



**सागर।** वरिष्ठ पत्रकार राजेश मनवानी की माताजी रुक्मणि देवी मनवानी का सोमवार को 80 वर्ष की आयु में दुखद निधन हो गया। वे सिंधी समाज के प्रथम गुरु प्राचार्य स्वर्गीय गोविंदराम मनवानी की बड़ी बहू एवं स्वर्गीय डॉ. एन.डी. मनवानी की धर्मपत्नी थीं। वे धार्मिक स्वभाव की, समाजसेवा में सक्रिय, दानशील एवं निरंतर सत्संग से जुड़ी रही। उनकी आत्मा की शांति के लिए 16 जुलाई को संत कंवरराम वार्ड स्थित श्री झूलेलाल सामुदायिक हाल में दोपहर 12 बजे श्रद्धांजलि सभा एवं पगड़ी रस्म का आयोजन रखा गया है। रुक्मणि देवी अपने पीछे तीन पुत्र-वरिष्ठ पत्रकार राजेश मनवानी, सुनील मनवानी एवं संजय मनवानी सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गईं। उनके निधन से न केवल मनवानी परिवार बल्कि संपूर्ण सिंधी समाज में शोक की लहर है। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को नरयावली नाका स्थित मुक्तिधाम में विधि-विधान के साथ पं. श्रीधर शर्मा एवं लख्मीचंद मनवानी द्वारा संपन्न हुआ। अंतिम यात्रा में शहर के गणमान्य नागरिक, पत्रकार जगत के साथी, समाजसेवी, परिजन व मित्र बड़ी संख्या में शामिल हुए।

**वृक्ष हवा से कार्बन डाईऑक्साइड अवशोषित कर शुद्ध वायु देते हैंः डॉ सरोज गुप्ता**

# हमारे जीवन के समस्त त्यौहार रीति रिवाज सनातन काल से वृक्षों को समर्पित रहे हैंः अनुश्री जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पं. दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर में पौधारोपण कार्यक्रम के द्वितीय सौपान अनुश्री शैलेन्द्र जैन के आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नितिन शर्मा जनभागीदारी अध्यक्ष, ज्योति चौहान वरिष्ठ चिकित्सक, डॉ. निधि जैन, डॉ. स्मिता दुबे, सुश्री मेघा दुबे, प्रतिभा चौबे तथा शशि दीक्षित उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सरोज गुप्ता ने की। मुख्य अतिथि अनुश्री जैन से अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे जीवन के समस्त त्यौहार रीति रिवाज सनातन काल से वृक्षों को समर्पित रहे है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जन्म दिवस पर एक पौधा लगाये तो भारत वर्ष में एक अरब चालीस करोड़ पौधा रोपण हो सकता है। वृक्षों का सम्बंध जीवन दर्शन से भी है। हम उन्हें पत्थर मारते हैं और वे हमें फल देते हैं। कड़ी धूप सहन कर कर हमें शीतलता प्रदान करते है साथ ही अंतिम संस्कार के लिये पेड़ ही हमें लकड़ी उपलब्ध कराते है। अध्यक्षता कर रहीं



डॉ. सरोज गुप्ता ने कहा कि वृक्ष आक्सीजन देने के साथ ही जलवायु को संतुलित रखने, मिट्टी के कटाव को रोकने, वन्य जीवों को आवास प्रदान करनें में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है साथ ही वृक्ष हवा से कार्बन डाईऑक्साइड, धूल, धुआं और हानिकारण गैसों को अवशोषित करते है। नितिन शर्मा जनभागीदारी अध्यक्ष ने वृक्षों के महत्व को हमारे जीवन से निरूपित किया। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ चिकित्सक एवं एस जी ओ एस की अध्यक्ष डॉ. ज्योति चौहान ने कहा कि वृक्षों को सम्मान देने के लिए हम आवंला तीज, वटसावित्री, हरयाली तीज जैसे त्योहार मनाते हैं। कोरोना काल में ऑक्सीजन ही एक मात्र इलाज था। और हमें आक्सीजन पेड़ों से ही प्राप्त होती हैं। जिन व्यक्तियों को आक्सीजन प्राप्त हुआ वह कोरोना काल में जीवित बच गये। डॉ. स्मिता दुबे ने कहा वर्तमान समय में मोबाइल उपयोगी तो है लेकिन उसके दुष्परीणाम भी सामानें आने लगे है जिसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव बच्चों एवं युवाओं पर पड़ रहा है। वरिष्ठ चिकित्सक एवं एसओजीएस सचिव डॉ. निधि जैन ने पेड़ों की उपयोगिता बताते हुये अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिये आहवान किया। पौधा रोपण में अशोक, सतपर्णी, आवला, आम आदि का पौधा रोपण किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमर कुमार जैन तथा आभार डॉ. रंजना मिश्रा ने माना। एन सी सी अधिकारी कीर्ति रैकवार एवं एन सी सी छात्रा कैडेट्स ने भी पौधरोपण किया। कार्यक्रम में डॉ. गोपा जैन, डॉ. इमराना सिद्दीकी, डॉ. जयकुमार सोनी, डॉ. संगीता कुम्भारे, डॉ. भूपेन्द्र सिंह, डॉ. अवधेश प्रताप सिंह, सुरेन्द्र यादव, डॉ. अंकुर गौतम, डॉ. संदीप तिवारी, डॉ. संदीप सबलोक, डॉ. भरत शुक्ला, डॉ. रश्मि दुबे, डॉ. राखी गौर, डॉ. भानुप्रिया पटेल सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

---

## डेढ़ माह में 62 गरीबों को निःशुल्क रक्त उपलब्ध हुआ, रक्त सेवा हेल्पलाइन सेंटर के माध्यम से



**सागर।** मध्यप्रदेश के पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह द्वारा सागर स्थित कार्यालय में गत 2 जून को आरंभ किए गए रक्त सेवा हेल्पलाइन सेंटर के माध्यम से अब तक 62 गरीबों जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया गया है। जिले के अलावा दमोह और बेगमगंज के मरीजों को भी रक्त उपलब्ध कराया गया है। ज्ञातव्य हो कि विगत डेढ़ माह में सागर नगर के सुभाष नगर, मछरयाई कांच मंदिर, सदर वार्ड, रामपुरा,राजीवनगर, मोतीनगर, राजीव वार्ड, सागर जिले के राजा बिलहरा, परसोरिया, सिरोंजा, गढ़ाकोटा, बीना, सड़ेरी (नरयावली), शाहपुर, सहावन (बंडा) बरायठा, राहतगढ़ के झंड़ा चौक और मंडी वार्ड, करमपुर, खिमलासा, कला सिमरिया बेगमगंज, बछिया खिरिया (दमोह) पिपरिया (दमोह), स्टेशन पथरिया आदि के मरीजों को रक्त उपलब्ध कराया गया है। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह की पहल पर सागर जिले के बीपीएल कार्ड धारक गरीब जरूरतमंदों को निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराने के लिए हेल्पलाइन सेंटर के माध्यम से शीघ्रता से हर संभव प्रयास होता है। पूर्व गृहमंत्री सिंह के जन्मदिन पर इस वर्ष आयोजित हुए चार दिवसीय रक्तदान शिविर में लगभग 1600 यूनिट रक्तदान हुआ है और पिछले दस सालों में लगभग 14 हजार से अधिक यूनिट रक्तदान हुआ है। इसके पश्चात सागर स्थित कार्यालय में रक्त सेवा हेल्पलाइन सेंटर शुरू किया गया है। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि इस हेल्पलाइन सेंटर का मोबाइल नंबर 9228035418 है। जो चौबीस घंटे चालू रहेगा। इसके साथ ही एक लैंडलाइन नंबर 262688 पर सम्पर्क किया जा सकता है। इमरजेंसी में पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के स्वयं के मोबाइल नंबर 9425171211 पर काल, वाट्सएप या एसएमएस किया जा सकता है।



## अहिरवार महासभा सागर की बैठक संपन्न

**सागर।** सोमवार को बंडा विधानसभा के ग्राम किरौला में अहिरवार महासभा की बैठक रखी गई। बैठक की अध्यक्षता महासभा के जिला अध्यक्ष काशीराम अहिरवार ने की। बैठक के मुख्य अतिथि एडवोकेट धनसिह अहिरवार थे। विशेष अतिथि राकेश अहिरवाल फूड अधिकारी दमोह व शंकर माते, कलू माते बरखेड़ा व जनपद सदस्य चन्द्रशेखर अहिरवार, डॉक्टर राजकुमार बहेरिया थे। बैठक में लगभग 20 ग्रामों के समाज के लोग उपस्थित थे। बैठक में एडवोकेट धनसिह अहिरवार ने कहा कि समाज में फैली कुरूतियो को दूर करने एवं समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा का प्रचार करने एवं मृत्यु भोज बंद कराने पर जोर दिया। काशीराम अहिरवार ने कहा कि समाज के लिए अगर मेरे प्राणों की जरूरत पड़े तो मैं समाज के लिए हंसते हंसते न्यौछावर करनें तैयार हूं। विशेष अतिथि राकेश अहिरवार ने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को गुरु रविदास जी की वाणी का अनुशरण करना चाहिए। ग्राम कुल्ल के सरपंच ने कहा कि समाज में एकता होना चाहिए। बैठक का संचालन प्रदीप अहिरवार ने किया। बैठक में प्रीतम अहिरवार किरौला, राकेश अहिरवार, रामसेवक अहिरवार सेमराहाट सहित उक्त ग्रामों के अहिरवार समाज जन उपस्थित थे।




## विधायक, महापौर, निगम अध्यक्ष ने 82 सफाई मित्रों को बरसाती की वितरित

**सागर।** नगर निगम द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था में लगे कर्मचारियों को बारिश के दौरान कार्य करने में कोई परेशानी न हो इसको दृष्टिगत रखते हुए सोमवार को जोन क्रमांक -1 में 82 सफाई मित्रों को विधायक शैलेंद्र जैन, महापौर संगीता सुशील तिवारी, निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने सफाई मित्रों को बरसाती वितरित की। इस अवसर पर विधायक शैलेंद्र ने कहा कि नगर निगम द्वारा बारिश के दौरान शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित न हो इसके लिए सफाई मित्रों को बरसाती वितरित करने का सराहनीय कार्य किया है। निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने सफाई मित्रों को बारिश के दौरान होने वाली परेशानी को समझा और उन्हें बरसाती वितरित करने का निर्णय लिया इसके लिए मैं निगमायुक्त को साधुवाद देता हूं। महापौर संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि नगर निगम का प्रयास है कि शहर की सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे बारिश में सफाई कार्य में लगे कर्मचारियों को काम करने में कोई परेशानी न हो इसलिए यह निर्णय लिया गया कि सफाई कार्य में लगे सभी कर्मचारियों को बरसाती प्रदान की जाएं। आज 82 कर्मचारियों को बरसाती वितरित की गई है। निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था में लगे कर्मचारियों को समय-समय पर सफाई उपकरण दिए जाते है लेकिन बारिश को देखते हुए अब बरसाती भी वितरित की गई है। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था में लगे सभी कर्मचारियों को बरसाती प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य रूपेश यादव, संगीता शैलेश जैन, कृष्णकुमार चौरसिया, अनुरुद्ध चाचोंदिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## विधायक ने यादव राव खेर उद्यान में किया पौधारोपण

**सागर।** विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने इस मानसून सत्र के प्रतिदिन पौधारोपण अभियान कार्यक्रम के तहत शिवाजी वार्ड में यादव राव खेर उद्यान में पौधारोपण किया । उल्लेखनीय की जून माह से ही विधायक जैन एवं उनके साथियों द्वारा प्रतिदिन किसी न किसी उद्यान या सार्वजनिक स्थान पर लगभग 100 पौधे लगाए जाते हैं, यह क्रम निरंतर जारी है। जिसके माध्यम से लगातार पौधारोपण किया जा रहा है। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शैलेश केसरवानी, जगन्नाथ गुरैया, विक्रम सोनी, मंडल अध्यक्ष नीरज यादव, हेमंत यादव, पंडित शिव प्रसाद तिवारी, उदय खैर सहित स्थानीय लोग उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

### 15 से 30 जुलाई तक चलेगा प्रदेशस्तरीय नशा विरोधी अभियानः एसपी

**टीकमगढ़।** राज्य के समस्त जिलों में आज 15 जुलाई से 30 जुलाई तक नशे से दूरी है जरूरी संदेश के साथ जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में जिले में प्रदेश स्तरीय नशा विरोधी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक मंडलोई द्वारा देते हुए बताया गया कि प्रदेश में नशीले पदार्थों के बढ़ते उपयोग और उसके दुष्परिणामों के प्रति समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश सरकार द्वारा नशे से दूरी है जरूरी संदेश के रूप में जन-जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से दूर रखना, नशे की तस्करी एवं अवैध व्यापार पर नियंत्रण, और समाज के सभी वर्गों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है। जिले का पुलिस विभाग इस अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। साथ ही अन्य विभागों, सामाजिक संस्थाओं, एनजीओ और शिक्षा संस्थानों का सहयोग भी लिया जा रहा है। उक्त अभियान के तहत 15 जुलाई को अभियान का उद्घाटन, रैली व शपथग्रहण कार्यक्रम किया जाना है। इसके बाद 16 व 17 जुलाई को स्कूल व कॉलेजों में नशे के विरोध में रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। 18 से 20 जुलाई तक जनसंवाद, नुक्कड़ नाटक व मानव श्रृंखला का आयोजन किया जायेगा। 21 से 24 जुलाई तक चित्रकला व निबंध प्रतियोगिताएं, रैली एबं मोटिवेशनल वार्ता का आयोजन होगा।

281 समंस, 5 स्थाई वारंट, 27 अवैध शराब प्रकरण व 372 वाहन जांच

# 2 दिवसीय सघन कॉम्बिंग गश्त में पुलिस ने हासिल की महत्वपूर्ण उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़


जिले में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में जिला पुलिस द्वारा दो दिवसीय सघन कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाकर कम समय में ही महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की गई। इस कॉम्बिंग गश्त अभियान में पुलिस के 354 अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे। जिन्होने जिले के समस्त थानों व चौकी क्षेत्रो का क्षेत्रवार सर्च ऑपरेशन किया। और अपराधियों, आरोपियों व असमाजिक तत्वों की बड़े स्तर पर धड़पकड़ की गई। साथ ही यातायात नियमों की अनदेखी करने बाले लापरवाह बाहन चालकों के बिरुद्ध चालानी कार्यवाही की गईं।

### अभियान में जिलेभर से शामिल किए गए अधिकारी व कर्मचारी

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में जिले में 12 जुलाई से 13 जुलाई तक दो दिवसीय सघन कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी, वारंटों की तामील, गुंडा तत्वों की निगरानी के साथ साथ जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना था। इस अभियान में जिले के 14 थानों एवं 9 पुलिस चौकी क्षेत्रो से कुल 354 पुलिस अधिकारी व कर्मचारी,







2 एसडीओपी, 14 थाना प्रभारी, सहित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, तथा पुलिस अधीक्षक मंडलोई स्वयं भी शामिल रहे।

### काम्बिंग गश्त के दौरान की गई प्रमुख कार्रवाईयां

दो दिवसीय सघन काम्बिंग गश्त अभियान के तहत जिले में कुल 281 समंस तामील कराये गए। 45 गिरफ्तारी वारंटी तामील किये गए। 5 स्थायी वारंटी पकड़े गए। 188 जमानती वारंटी तामील कराये गए। इसके अलावा 45 हिस्ट्रीशीटर, 86 गुंडा तत्व, तथा 8 हाल ही में जेल से रिहा हुए अपराधियों की गहन निगरानी व पूछताछ की गई। साथ ही 27 प्रकरण अवैध शराब के दर्ज कर आरोपियों पर कठोर कार्यवाही की गई। इसके अलाबा 392 वाहनों की चेकिंग की गई, जिनमें से 46 वाहनों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही कर कुल 10 हजार दो सौ रूपये का समन शुल्क वसूला गया।

### कॉम्बिंग गश्त का उद्देश्य व परिणाम

एसपी मंडलोई ने बताया कि इस कॉम्बिंग गश्त अभियान से जिले में अपराध नियंत्रण एवं निगरानी व्यवस्था को मजबूती मिली है। अपराधियों में न्यायिक कार्रवाई का भय उत्पन्न हुआ तथा आम नागरिकों में पुलिस के प्रति विश्वास एवं सुरक्षा की भावना सुदृढ़ हुई है। पुलिस अधीक्षक मंडलोई द्वारा जिला पुलिस को निर्देशित किया गया है कि इस प्रकार के गश्त अभियान व जनसंवाद गतिविधियाँ आगे भी सतत रूप से जारी रखी जाएंगी, जिससे जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके।

*अभियान के तहत की जरुरतमंद किशोरी की मदद*

# कानून की संरक्षक पुलिस बनी संवेदना की संवाहक



**टीकमगढ़।** जिले में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिँह मंडलोई द्वारा चलाये जा रहे बिभिन्न अभियानो में से एक हेल्पिंग हेंड अभियान के अंतर्गत पुलिस द्वारा की गई संवेदनापूर्ण कार्यवाही देखने को मिली है। जिसमे पुलिस अधीक्षक मंडलोई के निर्देशन में देहात थाना प्रभारी चंद्रजीत यादव द्वारा एक ज़रूरतमंद लड़की को सकुशल उसके घर पहुंचाया गया। उक्त लड़की असहाय अवस्था में मानसिकरूप से अवसाद ग्रस्त मिली थी। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशानुसार जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारियों को आमजन की सहायता के लिए संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्य करने के लिए हेल्पिंग हैंड अभियान संचालित किया गया है। इसी अभियान के तहत थाना देहात पुलिस ने एक ज़रूरतमंद किशोरी की सहायता कर मानवीयता और कर्तव्यपरायणता का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। 13 जुलाई को थाना देहात क्षेत्र में पुलिस को सूचना मिली कि एक लड़की असहाय अवस्था में है और वह अपने घर जाना नहीं चाहती है। साथ ही उक्त लड़की मानसिकरूप से अवसाद ग्रस्त है एवं उसके पास कही आने जाने या भोजन करने के लिए पैसे भी नहीं है। पुलिस को यह स्थिति न केवल चिंताजनक लगी बल्कि एक संवेदनशील मानवीय दायित्व की मांग करते हुए प्रतीत हो रही थी। उक्त इस सूचना पर थाना प्रभारी देहात चंद्रजीत यादव द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस बल मौके पर भेजा गया। और लड़की से शांतिपूर्ण एवं सहानुभूतिपूर्वक बातचीत कर उसका नाम-पता तथा वर्तमान स्थिति जानी गई। तब उक्त लड़की ने अपना नाम मानसी बिल्थरे निवासी क़स्बा शाहगढ़ जिला सागर बताया। साथ ही लड़की ने बताया कि उसके निकटतम संबंधी की मृत्यु हो जाने से वह मानसिक रूप से परेशान है। जिस कारण वह अपना घर छोड़कर टीकमगढ़ स्थित वृद्धाश्रम में रहने आई है, लेकिन वृद्धाश्रम में उसे रखने से मना कर दिया गया है जिससे आर्थिक अभाव के कारण घर वापस लौट पाना उसके लिए संभव नहीं हो पा रहा था। उक्त स्थिति जानकर पुलिस टीम द्वारा लड़की के परिजनों से संपर्क कर उन्हें अवगत कराया गया। साथ ही वन स्टॉप सेंटर से बातचीत कर लड़की के रात्रि विश्राम एवं भोजन की समुचित व्यवस्था की गई। अगले दिन पुलिस द्वारा व्यवस्था करते हुए किशोरी को सकुशल उसके परिजनों के पास घर भेज दिया गया। यह घटना न केवल पुलिस की सजगता का परिचायक है, बल्कि यह प्रमाणित करती है कि पुलिस केवल कानून की संरक्षक नहीं, बल्कि संवेदना की संवाहक भी है। थाना देहात पुलिस द्वारा किया गया यह कार्य समाज में पुलिस के प्रति विश्वास को और अधिक सुदृढ़ करता है एवं यह प्रेरणा देता है कि मानवीयता और कर्तव्य जब एक साथ चलते हैं, तो समाज सुरक्षित और सशक्त बनता है।

*श्रावण में शिवधाम कुंडेश्वर गूंजा हर हर महादेव के आसमानी उद्घोषों से*

# भोर से शुरू हुई भक्ति की बयार, सवा किलो भांग से होगा महाकाल श्रृंगार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

श्रावण मास के पहले सोमवार को शहर के प्रसिद्ध शिवधाम कुंडेश्वर में श्रद्धा, भक्ति और शिवभक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। तड़के चार बजे ब्रह्म मुहूर्त में जब मंदिर के प्रधान पुजारियों ने भोलेनाथ का जलाभिषेक शुरू किया, तब से ही श्रद्धालुओं का रेला मंदिर परिसर की ओर बढ़ता गया। सुबह 5 बजे गर्भगृह के द्वार खुलते ही हर हर महादेव के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा।

मंदिर ट्रस्ट के अनुसार आज करीब दस हजार से अधिक भक्तों के पहुंचने की संभावना है। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग प्रवेश पंक्तियों की व्यवस्था की गई है, जिससे दर्शन व्यवस्था सहज और सुगम बनी रहे। ट्रस्ट के सुरक्षा जवानों के साथ स्थानीय पुलिस बल को भी मुस्तैद किया गया है। पूरे परिसर की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से की जा रही है।

### महाप्रसाद में दिखा भक्तों का उत्साह

मंदिर ट्रस्ट की ओर से श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था भी की गई है। दोपहर 12 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक प्रसाद का वितरण किया जाएगा। श्रद्धालु 40 रुपये का कूपन लेकर प्रसाद ग्रहण कर सकते हैं। भोजन में पूरी, सब्जी, दाल-चावल और बूंदी का भोग परोसा जा रहा है। रसोई से प्रसाद वितरण की व्यवस्था मंदिर परिसर में ही की गई है, जिसमें सैकड़ों सेवक कार्यरत हैं। श्रद्धालुओं में इस बात को लेकर विशेष उल्लास देखा गया कि शिवधाम कुंडेश्वर में प्रशासन और मंदिर ट्रस्ट ने मिलकर व्यवस्था को अनुशासित और भक्तिमय बनाए रखा। कुंडेश्वर में भोलेनाथ के दर्शनों की यह अनुभूति श्रावण मास के पहले सोमवार को और भी पवित्र और अविस्मरणीय बना गई।

**सवा किलो भांग से होगा शिवलिंग का महाकाल श्रृंगार**

मंदिर के प्रधान पुजारी जमुना तिवारी महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि शाम 4 बजे के बाद गर्भगृह को बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद शिवलिंग का विशेष श्रृंगार प्रारंभ होगा, जिसे ह्यमहाकाल श्रृंगारह्न नाम दिया गया है। श्रृंगार की जिम्मेदारी निभा रहे कारीगर रामू जड़िया ने बताया कि शिवलिंग को सवा किलो भांग से महाकाल स्वरूप में सजाया जाएगा। इसके बाद भगवान भोलेनाथ को चांदी के आभूषण पहनाए जाएंगे और रात 7 बजे भव्य महाआरती की जाएगी, जिसमें हज़ारों श्रद्धालु शामिल होंगे।



# पानी में डूबी फसलें और उम्मीद में डूबा किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से खेतों में भरे पानी और चौपट होती फसलों ने किसानों की कमर तोड़ दी है। इसी गंभीर हालात को लेकर सोमवार को बुंदेलखंड किसान मजदूर संघ के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और किसान नेता दिनेश कुमार निरंजन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम पलेरा तहसीलदार कुलदीप सिंह ठाकुर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि टीकमगढ़ जिले की समस्त तहसीलों पलेरा, जतारा, बल्देवगढ़, खरगापुर, मोहनगढ़, लिधौरा, टीकमगढ़ सहित सभी ग्राम पंचायतों में तत्काल सर्वे कराया जाए और किसानों को उचित मुआवजा प्रदान किया जाए। निरंजन ने बताया कि एक माह से अधिक समय से लगातार हो रही बारिश के कारण सैकड़ों गांवों में मूंग, उरद, मूंगफली, सोयाबीन जैसी खरीफ फसलों की बुवाई नहीं हो सकी है। खेतों में पानी भरा हुआ है और किसानों के सामने पलायन या आत्महत्या जैसे गंभीर हालात बन रहे हैं।

**किसान नेता ने ज्ञापन सौंपकर मांगा मुआवजा**

ज्ञापन में विशेष रूप से पलेरा ब्लॉक की ग्राम पंचायतों बखतपुरास, टौरिया, विजयपुर, परा, करोला, बेला, आलमपुरा, लारौन, हनोता, नयागांव, बन्ने बुजुर्ग, दांतगोरा, पुरैनिया, बैंडरी और सैपुरा आदि का उल्लेख करते हुए इन्हें सर्वाधिक प्रभावित बताया गया। किसान नेता ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र सर्वे कराकर मुआवजा नहीं दिया गया, तो किसान, मजदूर, संगठन पदाधिकारी और ग्रामीण मिलकर चक्का जाम जैसे आंदोलन करने को बाध्य होंगे, जिसकी पूरी ज़िम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### शिवलिंग निर्माण और रामकथा शुरू

**विदिशा।** विनायक बैंक्विट हॉल में श्रावण मास के अवसर पर पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं श्रीराम कथा महोत्सव का शुभारंभ रविवार को हुआ। कथा व्यास पंडित संतोष जी शास्त्री ऋषि ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की बाल लीलाओं का मनोहारी वर्णन किया। उन्होंने काव्य शैली में भगवान के मुख में समस्त 14 भुवनों सहित विराट रूप के दर्शन की कथा सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

धार्मिक व सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण को लेकर सौंपा मांग पत्र

# ओरछा में हो मंत्री परिषद की बैठक भाजपा नेता ने की सीएम से मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

धार्मिक आस्था, ऐतिहासिक विरासत और क्षेत्रीय विकास को नई गति देने की मंशा से भाजपा नेता विकास यादव ने हाल ही में मध्य प्रदेश भवन, दिल्ली में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से शिष्टाचार भेंट कर ओरछा में मंत्री परिषद की बैठक आयोजित करने की मांग की है। इस अवसर पर उन्होंने एक विस्तृत मांग पत्र भी सौंपा, जिसमें श्री रामराजा सरकार की नगरी ओरछा को सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और संरक्षित करने हेतु अनेक सुझाव शामिल किए गए।

मांग पत्र में प्रमुख रूप से लगभग 40 वर्ष पूर्व श्री लक्ष्मी मंदिर से चोरी हुई श्री लक्ष्मीनारायण की मूर्ति की पुनः प्राण-प्रतिष्ठा की मांग उठाई गई है। इसके अतिरिक्त ओरछा के ऐतिहासिक जहाँगीर महल का नाम बदलकर महारानी



कुंवर गणेश के नाम पर रखने और श्री रामराजा मंदिर परिसर में महारानी की प्रतिमा स्थापित करने का प्रस्ताव रखा गया है, जो धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री से ओरछा रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर महाराज मधुकरशाह ओरछा रेलवे स्टेशन रखने की भी मांग की है। महाराज मधुकरशाह को भगवान श्रीकृष्ण का अनन्य भक्त माना जाता है, जिनके भक्ति भाव के कारण ही ओरछा में श्री रामराजा सरकार की स्थापना हुई थी। विकास यादव ने यह भी सुझाव दिया कि ओरछा नगर में महाराज मधुकरशाह की आदमकद प्रतिमा स्थापित की जाए और नगर के सभी ऐतिहासिक भवनों का जीर्णोद्धार तथा सौंदर्यीकरण कराया जाए। इसके साथ ही उन्होंने ओरछा में हवाई पट्टी के निर्माण और पीएम श्री हैलीकॉप्टर सेवा शुरू करने की भी मांग की, जिससे पर्यटन और आपात सेवाओं को नई गति मिल सके। विकास यादव ने ओरछा की धार्मिक गरिमा और ऐतिहासिक परंपरा को देखते हुए मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि मध्यप्रदेश की मंत्री परिषद की बैठक महारानी कुंवर गणेश की स्मृति में ओरछा में आयोजित की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ओरछा प्रवास पर शीघ्र आने और उपरोक्त मांगों पर गंभीरता से विचार कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

**रिटेनिंग वॉल और कच्चे मकान में हादसा**

# दीवारें गिर रही हैं लेकिन जिम्मेदार हैं चुप, निर्माण पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

भारी बारिश के बीच नगर परिषद कारी के निर्माण कार्यों की पोल एक बार फिर खुल गई। सोमवार को वार्ड क्रमांक 9 और 10 के बीच बनाई गई रिटेनिंग वॉल का लगभग 20 फीट लंबा हिस्सा अचानक भरभराकर गिर गया। हादसे के बाद सड़क पर मलबा फैल गया, जिससे आवागमन पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। प्रशासन ने मौके पर जेसीबी मंगवाकर मलबा हटाया और आवागमन बहाल किया।

वहीं, दूसरी ओर शहर के प्रधानपुरा मोहल्ले में एक कच्चे मकान का हिस्सा तेज बारिश के कारण गिर गया। मकान मालिक मन्नालाल रावत के अनुसार दोपहर के समय घर की सीढ़ी का पत्थर अचानक टूटकर उनकी पत्नी के पैर पर गिर पड़ा। सौभाग्यवश बड़ा हादसा टल गया, क्योंकि उस समय



घर में मौजूद सभी सदस्य किसी तरह सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहे। मकान में कई जगह दरारें आ गई हैं और स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। नगर परिषद कारी के स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि पिछले कुछ वर्षों से नगर परिषद द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य बेहद खराब गुणवत्ता के हैं। दीप सागर तालाब से नगर परिषद कार्यालय तक बनाई गई सीसी सड़क में निर्माण के कुछ ही महीनों में जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं, जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। बीते वर्ष दीप सागर तालाब पर बनाए गए हॉट बाजार की दीवार भी गिर गई थी।

*राहत कार्य, योजनाओं की समीक्षा और शिकायत निपटारे पर कलेक्टर का सख्त*

# टीएल बैठक में छाया रहा बारिश से हुई जलभराव स्थिति का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित समय-सीमा टीएल बैठक में जिले के प्रमुख प्रशासनिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अतिवृष्टि से हुई क्षति का आकलन, सीएम हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों का निपटारा, कोर्ट प्रकरणों की स्थिति और आयुष्मान भारत योजना की प्रगति जैसे कई मुद्दे एजेंडे में शामिल रहे।

### प्रभावितों को शीघ्र राहत पहुंचाने के निर्देश

कलेक्टर श्रोत्रिय ने हालिया अतिवृष्टि से जिले में हुई क्षति पर चिंता जताते हुए संबंधित विभागों को तत्काल सर्वे कराकर प्रभावित परिवारों को यथाशीघ्र राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा की इस स्थिति में प्रशासन की संवेदनशीलता और सक्रियता अत्यंत आवश्यक है।



**लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के शीघ्र निपटारे के निर्देश**

बैठक में सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त नागरिक शिकायतों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि लंबित शिकायतों का शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों की उपेक्षा को किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**आयुष्मान भारत योजना पर किया मुख्य फोकस**

आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने की प्रगति पर चर्चा हुई। कलेक्टर श्रोत्रिय ने निर्देश दिए कि ई-केवाईसी की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए, ताकि पात्र व्यक्तियों को योजना के अंतर्गत समय पर स्वास्थ्य लाभ मिल सके।

### राजस्व प्रकरणों को शीघ्र निपटाने पर दिया बल

राजस्व विभाग से जुड़े लंबित कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भूमि से जुड़े विवादों, नामांतरण, सीमांकन तथा अन्य राजस्व प्रकरणों का समाधान प्राथमिकता से किया जाए। साथ ही कोर्ट से संबंधित प्रकरणों में समय पर पक्ष प्रस्तुत करने और सुनवाई में उपस्थिति सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया।

### विभिन्न कार्यालयीन पत्रों की भी हुई समीक्षा

बैठक में विभिन्न आयोगों, लोकायुक्त कार्यालय और उच्च अधिकारियों से प्राप्त पत्रों की स्थिति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि ऐसे सभी पत्रों का समय पर उत्तर दिया जाए और टीएल पर प्रेषित पत्रों की प्रगति नियमित रूप से प्रस्तुत की जाए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नवीत कुमार धुर्वे, अपर कलेक्टर पीएस चौहान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

खतरे के निशान से ऊपर पहुंची पार्वती, प्रशासन ने कराई मुनादी, विजयपुर और बीरपुर में भी रास्ते बंद

# झमाझम बारिश से उफनी नदियां, कटा सड़क संपर्क, बड़ौदा में बाढ़ के हालात







हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बीती रात से हो रही झमाझम बारिश से जिले की सभी नदियां उफान पर आ गईं। पार्वती नदी खतरे के निशान से ऊपर पहुंच जाने के कारण प्रशासन ने नदी किनारे बसे एक दर्जन के करीब गांवों में मुनादी करा कर ग्रामीणों को ऊंचाई वाले सुरक्षित स्थान पर पहुंचने की सलाह देते हुए कुछ ग्राम पंचायत के सचिवों को ऐसे ग्रामीणों के ठहरने व खाने पीने के लिए व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। पार्वती नदी के खतरे के ऊपर पहुंचने से जहां श्योपुर बारां मार्ग बंद हो गया। वहीं सीप नदी में ऊफान आने से मानपुर ढोढर सडक मार्ग तथा क्वारी नदी के चढने से वीरपुर क्षेत्र के कई गांवों के रास्ते बंद हो गए। नदी नालों के उफान पर आने से श्योपुर बारां हाइवे सहित अन्य कई सडक मार्ग अवरूद्ध हो गए। उधर जल निकासी नहीं होने से बड़ौदा नगर में बाढ़ जैसे हालात निर्मित होते नजर आए।

### क्वारी के उफान से विजयपुर में कई गांव बने टापू

विजयपुर क्षेत्र में भी बाढ़ जैसे हालात देखने को मिले क्वारी नदी में अधिक पानी आ जाने से जहां विजयपुर मुख्यालय पर सब्जी मंडी और उससे लगी मार्केट खाली कराई गई वही निचली बस्तियों में रहने वाले लोगों को ऊपरी स्थान पर पहुंचने की प्रशासन दिन भर मुनादी कराता रहा वही। अगरा, इकलोद और बेनीपुर में क्वारी नदी बने पुल के ऊपर से पानी गुजर जाने से जहां दिन भर आवागमन बंद रहा वहीं कई गांव में पानी भर जाने से टापू बन गए लोग अपने घरों में बंधक बनकर रहने को मजबूर हो गए।

### जल निकासी नहीं होने से बड़ौदा बना तालाब

जल निकासी नहीं होने के कारण बड़ौदा वासियों को विषम स्थिति का सामना बारिश के समय हर साल करना पड़ता है। इस साल भी बारिश के दौरान बड़ौदा के सभी वार्डों में तीन से चार फीट तक पानी भर गया कई जगह तो लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए घरों ओर दुकानों के भीतर पानी घुस जाने से आर्थिक रूप से नुकसान भी झेलना पड़ा। सबसे हास्यादपद स्थिति तो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बडौदा में देखने को मिली जहां डॉक्टर मरीजों को भगवान भरोसे छोड़कर चले गए और अस्पताल के भीतर दो से ढाई फीट तक पानी भर गया। बड़ौदा में यह स्थिति मुख्य नालों पर अतिक्रमण के कारण निर्मित होना बताई जा रही है।



### पार्वती खतरे के निशान पर, बारां से टूटा संपर्क

मालवा में हुई बारिश का असर भी जिले में देखने को मिला। पार्वती नदी में उफान आ जाने से जलालपुरा सहित नदी किनारे बसे एक दर्जन गांवों में बाढ का खतरा उत्पन्न हो गया है। इसलिए इन गांव में प्रशासन ने मुनादी करा कर देर शाम तक खाली करा कर ऊंचे स्थान पर पहुंचाने का काम किया वहीं कुहांजापुर पुल डूब जाने से श्योपुर का बारां राजस्थान से संपर्क दिन भर कटा रहा।

### 24 घंटे में बरसा 111.8 मिमी पानी

श्योपुर जिले में बीते 24 घंटे के दौरान 111.8 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। बताया गया है कि रविवार की सुबह 8 बजे से सोमवार की सुबह 8 बजे तक श्योपुर तहसील में 124 मिमी,बडौदा में 174 मिमी, कराहल में 93 मिमी, विजयपुर में 101 मिमी तथा तहसील वीरपुर में 67 मिमी वर्षा हुई है। जिसे मिलाकर इस साल में जिले में अभी तक औसत बारिश का आंकडा कुल 662.46 मिली मीटर पहुंच गया है। जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 333.8 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

### ट्रैक्टर लेकर पहुंचीं तहसीलदार

बड़ौदा में बाढ़ जैसे हालात निर्मित होने की सूचना मिलने पर कलेक्टर अर्पित वर्मा ने तहसीलदार मनीष मिश्रा को मौके पर भेजकर लोगों को राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। तहसीलदार अपने सरकारी वाहन से बड़ौदा के बाहर तक तो पहुंच गईं लेकिन बड़ौदा में तीन से चार फीट तक पानी भरा होने से उनका वाहन आगे नहीं जा सका बाद में सीएमओ ताराचंद धूलिया और नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू सुमन ट्रैक्टर लेकर पहुंचे तब तहसीलदार ने नगर परिषद के कर्मचारियों के साथ ट्रैक्टर में बैठकर प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया और आवश्यक बचाव के कदम भी उठाए।



### आवदा डैम ओवरफ्लो होने से खिले चेहरे

रात भर हुई झमाझम बारिश से जिले का सबसे बड़ा बांध आवदा डैम भी ओवरफ्लो हो गया। आवदा डैम के ओवरफ्लो होने की जानकारी सोशल मीडिया पर जंगल में आग की तरह फैली। हर कोई डैम के ओवरफ्लो होते मनमोहक नजारे को वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने लगा। इस डैम के ओवरफ्लो होने से किसानों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई। ज्ञात हो कि 22 गांवों की जमीन इस डैम से सिंचित होती हैं साथ ही सीप नदी का जल स्तर भी इसी डैम से ओवरफ्लो होकर या नहर के माध्यम से आने वाले पानी से साल भर बना रहता है।

कलेक्टर ने श्री हजारेश्वर मंदिर पर पहुंचकर की पूजा अर्चना

# सावन का पहला सोमवार, हर हर महादेव से गूंजे शिवालय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सावन का पहला सोमवार होने के चलते शहर समेत जिले के सभी प्रमुख शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड उमडी। श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव के उदघोष के साथ शिवलिंग का दूध, दही, घी, शक्कर शहद से अभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने ओम्-नमः शिवाय मंत्र का उच्चारण करते हुए भगवान भोलेशंकर पर बेल पत्र चढ़ाए और धतूरा पुष्पों से मनोरम श्रृंगार कर उनकी आरती उतारी। कलेक्टर अर्पित वर्मा भी आज सुबह श्री हजारेश्वर महादेव मंदिर पर पहुंचे। जहां उन्होंने श्री हजारेश्वर महादेव की पूजा अर्चना करते हुए आरती उतारी। इस अवसर पर एसडीएम बीएस श्रीवास्तव, तहसीलदार मनीषा मिश्रा, सीएमओ राधेरमण यादव आदि उपस्थित थे।

शहर के हजारेश्वर महादेव मंदिर, गुप्तेश्वर महादेव, तन्मयेश्वर महादेव, गिर्राज घाट स्थित गिर्राजेश्वर महादेव, विमलेश्वर महादेव मंदिर पर श्रद्धालुओं का सुबह से ही तांता लगा रहा। भीड़ के चलते श्रद्धालुओं की काफी इंतजार के बाद ही पूजा की बारी आई। शिवालयों में शाम को मंगल आरती के समय दर्शनार्थियों की विशेष चहल पहल रही। उधर नागदा स्थित नागेश्वर महादेव, सिद्धेश्वर महादेव और भूतेश्वर महादेव मंदिर पर अभिषेक करने के लिए शहर आसपास गांवों से बड़ी तादाद में श्रद्धालु पहुंचे।

# जेल में शतप्रतिशत बंदी होंगे साक्षर परीक्षा भी कराई जाएगी आयोजित



**श्योपुर।** जेल में बंद विचाराधीन और सजा याफ़्ता कैदी सभी को पढ़ाई का अवसर दिया जाएगा। कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर जेल में विचाराधीन और सजा याफ़्ता कैदियों की सूची बनाकर उनकी शैक्षणिक योग्यता एकत्रित की जा रही है ताकि उन्हें जेल के भीतर रहते हुए पढ़ाई कराई जाए इस संबंध में सोमवार को डीईओ एमएल गर्ग एवं डीसी डॉ पीएस गोयल के निर्देश पर सहायक संचालक शिक्षा व बीईओ मधु शर्मा एवं बीआरसी हरिशंकर बाथम ने जेल पहुंचकर साक्षरता संबंधित जानकारी एकत्रित की।

भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए नव भारत साक्षरता अभियान के तहत देश के हर नागरिक को साक्षर करने का अभियान शुरू किया गया है। श्योपुर जिले में एक लाख से अधिक ऐसे लोगों का चयन किया गया है जो बिल्कुल पढ़ना नहीं जानते उक्त लोगों को पढ़ाकर साक्षर बनाने का अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान से जेल में बंद विचाराधीन व सजा याफ़्ता कैदी वंचित न रहे इसकी चिंता भी सरकार ने की है। कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर जेल में ही बंदियों को पढ़ाने और उनकी परीक्षा आयोजित करने की व्यवस्था की गई है। इस व्यवस्था को अमलीजामा कैसे पहनाया जाएगा इस गरज से सोमवार को बीईओ एवं बीआरसी ने जेल अधीक्षक प्रभात कुमार से सहमति लेकर जेल में पहुंचकर बंदियों से जुड़ी शैक्षणिक योग्यता की जानकारी ली और वहां पर उन्हें किस तरह पढ़ाया जा सकता है इस संबंध में चर्चा की। ज्ञात हो कि नव भारत साक्षरता अभियान के तहत अक्षर साथियों के माध्यम से पढ़ाई कराई जा रही है यह अक्षर साथी अवैतनिक समाजसेवी है जेल में भी पड़े लिखे कैदियों के माध्यम से अनपढ़ कैदियों को पढ़ाने की व्यवस्था की जाए इसके निर्देश कलेक्टर वर्मा ने दिए हैं। दोनों अधिकारियों ने जेल अधीक्षक को बताया कि जिन कैदियों का पंजीयन किया जाएगा उन्हें पढ़ाई के लिए सामग्री नव भारत साक्षरता अभियान के तहत जेल के भीतर ही उपल्ब्ध करा दी जाएगी। इस दौरान बड़ी संख्या में बंदियों ने खुद को पढ़ाने के लिए नाम लिखवाए।

# मेडिकल कॉलेज का नामकरण सावित्री फुले के नाम से करने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



श्योपुर मेडिकल कॉलेज का नाम महिला शिक्षा की अग्रदूत माने जाने वाली महिला शिक्षिका सावित्री देवीफुले के नाम पर किए जाने की मांग को लेकर सर्व समाज ने सोमवार को मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है।

सर्व समाज की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि क्षेत्र में पिछड़ा वर्ग बहुसंख्यक समाज है और महिला शिक्षा की अग्रदूत सावित्री देवी फूले को पिछडा वर्ग समाज देवी के रूप में पूजता भी है। सावित्री देवी फुले का भारतीय महिला शिक्षा में जो योगदान है उस योगदान को देखते हुए श्योपुर के नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज का नामकरण उनके नाम से किया जाए। ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान बडी संख्या में विभिन्न समाज के नागरिक और समाजसेवी लोग मौजूद थे।

# जयकारों के साथ रवाना हुई गणेश जी महाराज की पैदल यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

राजस्थान के सवाईमाधोपुर जिले में रणथंभौर किले में विराजित भगवान श्री गणेश जी महाराज के दर्शनों के लिए पैदल यात्रा सोमवार को जयकारो के साथ रवाना हुई। शक्तिदल की अगुवाई में यह पैदल यात्रा शहर के टोडी गणेश मंदिर से विधिवत पूजा अर्चना के साथ रवाना हुई। पैदल यात्रा के शुभारंभ मौके पर बडी संख्या में जनप्रतिनिधी और गणमान्य नागरिक टोडी गणेश मंदिर पर पहुंचे और सभी पैदल यात्रियों के साथ पैदल चलकर उन्हें सलापुरा नहर तक विदा किया। गाजेबाजे के साथ रवाना हुई यह पैदल बुधवार को भगवान श्रीगणेश के दरबार में पहुंच जाएगी, जहां झंडा चढ़ाने के साथ पैदल यात्रा का समापन किया जाएगा।

# कराहल पुलिस ने पकड़ा सिलेंडर चोर


हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कराहल थाना पुलिस ने एक सिलेंडर चोर को अरेस्ट करके उसके कब्जे से चोरी हुआ सिलेंडर जब्त कर लिया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम सिलपुरी निवासी पिस्ता बाई आदिवासी के घर से बीते रोज सिलेंडर चोरी हो गया। जिसका पता करने पर ज्ञात हुआ कि उसका सिलेंडर कराहल निवासी गोपाल गुप्ता घर जाकर उठाकर ले गया है। इसके बाद पिस्ता बाई ने कराहल थाने पहुंचकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर गोपाल से अरेस्ट भी कर लिया और उसके कब्जे से सिलेंडर भी बरामद कर लिया है।

आधी रात को नेशनल हाइवे 552 पर कालीतलाई के पास हुआ दर्दनाक हादसा

# गाय को बचाने के फेर में अनियंत्रित हुई स्कार्पियो पेड़ से टकराई, पिता पुत्र समेत चार की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



देहात थाना क्षेत्र स्थित नेशनल हाइवे 552 पर कालीतलाई गांव के पास रविवार की आधी रात को एक दर्दनाक सड़क हादसा तब घटित हो गया, जब एक स्कार्पियो गाड़ी गाय को बचाने के फेर में अनियंत्रित होकर हाईवे से नीचे उतरकर पेड़ से टकरा गई। इस दौरान स्कार्पियो में सवार चारों लोगों की मौत हो गई। चारों लोग राजस्थान के कोटपुतली जिले के निवासी हैं। हालांकि हादसे की सूचना मिलने पर देहात थाना प्रभारी शशि तोमर तत्काल अपने थाने के पुलिस फोर्स को साथ में लेकर घटनास्थल पर पहुंचे और चारों लोगों को स्कार्पियो से निकालकर जिला अस्पताल लेकर आए। लेकिन कार में सवार पिता पुत्र समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चौथे घायल व्यक्ति ने इलाज के दौरान जिला अस्पताल में दम तोड दिया। पुलिस ने सोमवार की सुबह जिला अस्पताल में चारों लोगों के शवों का पीएम करवाया और फिर उन्हें उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिए। पुलिस ने एक्सीडेंट का मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक स्कार्पियो में सवार मुकेश यादव 26 वर्ष तथा उसके पिता हरिराम यादव 60 वर्ष निवासी कमरपुरा जिला कोटपुतली राजस्थान, विजेन्द्र जाट 23 वर्ष निवासी अजीतपुरा जिला कोटपुतली, हावा सिंह गुर्जर 28 वर्ष निवासी अमरपुरा जिला कोटपुतली राजस्थान रविवार की रात को अशोकनगर से कोटपुतली के लिए लौट रहे थे। अशोकनगर में ये लोग ठेकेदारी का काम करते हैं। रविवार की रात करीब 12 बजे जब इनकी गाडी कालीतलाई गांव के पास हाइवे पर दौड रही थी, तभी अचानक हाइवे पर इनके सामने एक गाय आ गई, जिसे बचाने के फेर में इनकी स्कार्पियो गाड़ी अनियंत्रित हो गई और फिर हाइवे से नीचे उतरते हुए एक पेड़ से टकरा गई।

### तीन ने मौके पर तो चौथे ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

सडक हादसे का शिकार हुई स्कार्पियो में सवार तीन लोगों हरिराम यादव, मुकेश यादव और विजेन्द्र जाट की मौके पर ही मौत हो गई। इनमें हरिराम यादव और मुकेश यादव आपस में पिता पुत्र है। जबकि हाबा सिंह गुर्जर घायल अवस्था में था,जिसने जिला अस्पताल में पहुंचने के बाद इलाज के दौरान दम तोडा। हादसे की सूचना परिजनों को दिए जाने के बाद परिजन भी श्योपुर पहुंच गए। सोमवार की सुबह परिजनों की मौजूदगी में चारों शवों का पीएम कराकर उन्हें परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### इधर ट्रैक्टर समेत नाले में बहे 10 लोग, महिला की मौत

सेसईपुरा थाना क्षेत्र में रविवार की देर शाम को ट्रैक्टर में सवार होकर घर लौट रहे 10 लोग उस समय नाले में बह गए, जब वह ऊफनते नाले के पानी में डूबे रपटे को पार कर रहे थे। इस दौरान महिला की मौत हो गई। सेसईपुरा थाना प्रभारी जेपीएस जादौन ने बताया कि ग्राम मोरावन निवासी ग्रामीण खेत में धान लगाने के बाद जब ट्रैक्टर में सवार होकर घर लौट रहे थे, तभी रास्ते मौजूद नाले में पानी तेज होने के बाद भी उन्होaने ट्रैक्टर को रपटे से होकर निकाल दिया। जिसकारण ट्रैक्टर और उसमें सवार सभी लोग बह गए। 10 में से 9 ग्रामीणों को स्थानीय लोगों के सहयोग से सकुशल बाहर निकाल लिया। लेकिन एक महिला सामन्दे 55 वर्ष पत्नी बाबूलाल जाटव की मौत हो गई। सकुशल बाहर निकाले 9 ग्रामीणों में से 4 लोगों को चोट आई, जिसकारण उन्हें नजदीकी अस्पताल में दाखिल कराया गया।

स्कूलों के निरीक्षण में मिली कई अनियमितताएं

# बीईओ, बीआरसी ने खुलवाए बंद शौचालय के ताले, दिए सफाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




खबर का असर

खंड शिक्षा अधिकारी श्योपुर मधु शर्मा एवं बीआरसी हरिशंकर बाथम ने सोमवार को शहर के कई स्कूलों का निरीक्षण किया। इस दौरान वे किला रोड स्थित एमएस उर्दू गांधी स्कूल में भी पहुंचे, जहां पर शौचालय में कई महीनों से डाले ताले को खुलवाकर उसे शुरू करवाया और पुराने शौचालय का मेंटेनेंस करने व साफ सफाई करने के निर्देश शाला प्रभारी को दिए। ज्ञात हो कि हरिभूमि ने 13 जुलाई के अंक में 'विद्यार्थी सड़क पर महिला शिक्षक जा रही घरों पर टॉयलेट करने' नामक शीर्षक से एक समाचार प्रमुखता से प्रकाशित किया था। समाचार प्रकाशन के बाद डीईओ एमएल गर्ग ने बीईओ मधु शर्मा को मौके पर पहुंचकर जांच करने के निर्देश दिए थे।

डीईओ के निर्देश पर एनएमएस उर्दू गांधी में महिला शिक्षकों की समस्या सुनने और की गई शिकायत की जांच करने बीआरसी हरिशंकर बाथम के साथ मौके पर पहुंची शिक्षा विभाग की सहायक संचालक एवं बीईओ मधु शर्मा ने शिक्षकों से की गई शिकायत संबंधित जानकारी ली, महिला शिक्षकों ने बताया कि सर्व शिक्षा अभियान के तहत जो नया शौचालय बनाया गया है उस शौचालय में ताला डाला हुआ है जिससे बच्चों को टॉयलेट स्कूल से बाहर सड़क किनारे नाली में करना पड़ता है। पुरुष शिक्षक तो स्कूल परिसर के भीतर ही जो अनुउपयोगी कक्ष बने हुए हैं वहां टॉयलेट कर लेते हैं, ओर महिलाओं को भी यही खुले में टॉयलेट करने की सलाह दी जाती है। मजबूरी में महिला स्टाफ ने अपने लिए पुराने और बंद हो चुके शौचालय को चालू किया है लेकिन उसकी भी साफ-सफाई नहीं कराई जा रही है। मौके पर स्थिति का निरीक्षण किया और शाला प्रभारी कमलजीत सिंह सिसोदिया को नियमित रूप से साफ सफाई करने के निर्देश देते हुए जिस नए शौचालय में ताला डाला था उसे तत्काल खोलने अथवा चाबी नहीं होने पर पंचनामा बनाकर तोड़कर सूचना देने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने महिला शिक्षकों को अपना मोबाइल नंबर भी दिया और कहा कि अगर ऐसी कोई समस्या आती है तो मुझे बताएं उस पर तत्काल से ज्ञान लिया जाएगा। बीईओ ने शहर के अन्य स्कूलों का भी निरीक्षण किया जिनमें साफ सफाई नहीं मिलने पर शाला प्रभारियों को नोटिस जारी किए गए, साथ ही पीएम पोषण शक्ति योजना के तहत बनने वाला भोजन मीनू अनुसार बनाए जाने के निर्देश दिए गए।

## खबर संक्षेप



### अभा लोधी राजपूत कल्याण महासभा कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

**ललितपुर।** अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा के तत्वावधान में कार्यकर्ता सम्मेलन का सफल आयोजन बाबूजी गन्धर्व सिंह लोधी प्रदेश मंत्री अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा ललितपुर के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस गरिमामयी अवसर पर संगठन विस्तार, सामाजिक समरसता एवं समाजहित के मुद्दों पर सार्थक संवाद हुआ। सम्मेलन के दौरान नवीन पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र भी भेंट किए गए। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महामंत्री माननीय पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत ने मनोनीत पदाधिकारी को सम्मानपत्र देकर सम्मानित किया साथ में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डिबाई विधायक माननीय चंद्रपाल सिंह प्रदेश अध्यक्ष साहब सिंह राजपूत प्रदेश कोषाध्यक्ष अमांपुर विधायक माननीय हरिओम वर्मा गरौठा विधायक जवाहर सिंह राजपूत , झांसी, जगदीश सिंह राजपूत रमेश सिंह लोधी अध्यक्ष कोऑपरेटिव ज्योति सिंह लोधी गंधर्व सिंह राजपूत प्रदेश महामंत्री, जिलाध्यक्ष झांसी मनोहर सिंह राजपूत जिलाध्यक्ष ललितपुर भारत सिंह राजपूत सहित अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सामाजिक बंधु उपस्थिति रहे।

### महिला मंडल का 15वां स्थापना दिवस मनाया

**ललितपुर।** अग्रवाल मारवाड़ी महिला मंडल का 15 वां स्थापना दिवस शनिवार 12 जुलाई को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष मोना बंसल, सचिव कीर्ति अग्रवाल और कोषाध्यक्ष पूनम अग्रवाल सहित सभी सदस्य उपस्थित हुए। सभी नए सदस्यों का स्वागत किया गया। कई मनोरंजक गेम भी खेले गए और विजेताओं को आकर्षक उपहार दिए गए। अध्यक्ष मोना बंसल द्वारा कहा गया कि मंडल हर वर्ष की तरह सामाजिक कार्यों में अपना सहयोग करता रहेगा। सचिव कीर्ति अग्रवाल द्वारा उपस्थित हुए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया।

### गाड़ी की टक्कर से बाइक चालक का टूटा हाथ

**ललितपुर।** तालबेहट क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला गंज निवासी मुहम्मद मजीद पुत्र मुहम्मद अजीज ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 13 जुलाई को उसके जीजाजी ग्राम तरगुवां निवासी सईद अहमद पुत्र सब्बीर अहमद तरगुवां से तालबेहट आ रहे थे। तभी पीछे से आ रही गाड़ी ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके जीजाजी के सिर में चोट आयी और उनका एक हाथ टूट गया। सईद अहमद को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उन्हें हालत में सुधार न होने पर मेडीकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त गाड़ी चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### स्टेशन से 9 अनाधिकृत वेंडर पकड़ाए

**बीना।** वाणिज्य विभाग की टीम ने स्थानीय स्टेशन पर निरीक्षण कर 9 अनधिकृत वेंडरों को पकड़ा है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि मंडल प्रशासन यात्रियों की सुविधा और स्वास्थ्य के प्रति पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। खानपान सेवाओं में अनियमितता या अनधिकृत गतिविधियों को किसी भी स्थिति में सहन नहीं किया जाएगा। अभियान आगे भी सतत जारी रहेगा।

### पुलिस ने पकड़ी 350 पाव देसी शराब

**बीना।** खिमलासा पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक आरोपी को पकड़कर उसके पास से 350 पाव (63 लीटर) लाल मसाला शराब पकड़ी है। जिसकी कीमत करीब 35 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने थाना बानपुर का निरीक्षण कर निर्देश दिए

# मुकदमों से संबंधित मामलों का विधिक निस्तारण व सही रखरखाव किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक मो मुश्ताक द्वारा थाना बानपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । थाना कार्यालय/महिला हेल्प डेस्क के रजिस्टरों को चेक कर व्यवस्थित रखरखाव हेतु निर्देश दिये गये। मुकदमों से संबंधित मामलो का विधिक निस्तारण एवं सही रखरखाव,शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया गया । थाने में लम्बित विवेचनाओं को गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व थाना क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों/वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब/मादक पदार्थों/पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत व समयबद्ध निस्तारण करने जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया । माफियाओं को चिन्हित कर उनके विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही व थाना स्तर पर टॉप-10 अपराधी व एचएस की सतत निगरानी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । महिला सम्बन्धी अपराधों को रोकने के लिये सूचना पर त्वरित रूप से संज्ञान लेकर तत्काल अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही कर उनका निस्तारण करें तथा उपरोक्त प्रकरण की सूचना पर उच्चाधिकारियों को देने हेतु निर्देशित किया गया । प्रभारी निरीक्षक को महिलाओं की सुरक्षा हेतु एन्टीरोमियो स्कॉवड व महिला बीट आरक्षियों को प्रतिदिन थाना क्षेत्र में भ्रमण हेतु आदेशित किया गया जिससे महिला सम्बंधी अपराध न हो पाए तथा शासन की जीरो टॉलरेंस नीति पर काम करें।

निकट भविष्य में पंचायती चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए अपराधियों पर आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही कर उन्हे ज्यादा से ज्याद धनराशि से पाबन्द कराने हेतु निर्देशित किया । आगामी त्योहार को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा व शांति- व्यवस्था बनाये रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । ऑपरेशन दृष्टि अभियान के तहत थानाध्यक्ष बानपुर को थाना क्षेत्र में आमजन से संवाद कर मुख्य स्थानों, चौराहों, बाजारों व हॉटस्पॉट पर सीसीटीवी कैमरों का क्रियाशील कराना सुनिश्चित करें, जिससे अपराध नियंत्रण में सहयोग मिलेगा । थाना क्षेत्र में प्रमुख भीड़-भाड़ वाले चौराहों ,सरार्फा बाजार, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों आदि पेट्रोलिंग के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

लूट/चोरी/छिनैती आदि प्रकार की घटनाओं के पूर्व अपराधियों का भौतिक सत्यापन कर उनके विरूद्ध आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया । जनपद में गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के अन्तर्गत सम्पति जब्तीकरण की कार्यवाही व इस अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत अभियोगों में वांछित/ वारन्टी / टॉप टेन/ अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही, करना सुनिश्चित करें । पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी ,अवैध विस्फोटक पदार्थों, अवैध शस्त्रों की बरामदगी, अवैध शराब निर्माण व बिक्री, जुआ, सट्टा के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जाये । किसी भी दशा में अवैध शराब /अवैध मादक पदार्थों की बिक्री न हो । यह भी निर्देश दिया कि बीट प्रणाली को मजबूत करने हेतु स्वयं बीट कर्मचारियों को उनके बीट क्षेत्रों में किये कार्यों की प्रतिदिन समीक्षा करें तथा यातायात नियमों का विशेष रूप से पालन कराना सुनिश्चित करें एवं चेकिंग के दौरान बिना हेल्मेट/शराब पीकर/फर्राटे भरने वाले आदि वाहन चालको की चेकिंग कर आवश्यक कार्यवाही के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गय।

## मेला में बेरोजगारों को मिला रोजगार

# 232 में से 158 अभ्यर्थियों का कंपनियों ने किया चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

प्रशिक्षण संस्थान परिसर ललितपुर में मिशन निदेशक उप्र कौशल विएफकास मिशन, लखनऊ एवं संयुक्त निदेशक , (प्रशि/शिक्षु), झाँसी मण्डल, झाँसी के निर्देशों के क्रम में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) के अन्तर्गत ह्यह्यजनपद स्तरीय वृहद रोजगार मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मंचासीन अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। रोजगार मेला में 10 नियोक्ता/कम्पनी यथा- वीनस इन्डस्ट्रीयल कॉपेरेटिव प्रालि, टीम प्लस एचआर सर्विस, स्किल इंडिया सॉल्यूसन, एलआईसी, ललितपुर, फ्रीडम इम्प्लॉयबिलिटी एकेडमी, सिल्वर क्रेस्ट क्लॉथिंग प्रालि, अरविन्द मिल्स, एक्सीलेन्ट मैनपावर सॉल्यूसन इत्यादि के प्रतिनिधियों द्वारा नियोजक के रूप में प्रतिभाग किया गया। उक्त रोजगार मेला में कुल 232 अभ्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग कर साक्षात्कार मे भाग लिया गया, जिनमें से 158 अभ्यार्थियों का प्रतिभागी विभिन्न कम्पनियों के द्वारा चयन किया गया। चयनित अभ्यार्थियों को जनप्रतिनिधियों/माननीयों के द्वारा मंच से ही नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

रोजगार मेला में अतिथिगण के रूप में अध्यक्ष, जिला पंचायत, कैलाश नारायण निरंजन, अध्यक्ष, आईएमसी, कमलेश सर्राफ, अध्यक्ष, व्यापार मण्डल, सुरेश बड़ेरा, प्रधानाचार्य, राऔप्रसं/जिला समन्वयक, उप्र कौशल विकास मिशन, राजपाल सिंह, जिला रोजगार सहायता अधिकारी, आकांक्षा यादव, जिला कौशल प्रबन्धक, आरिफ खांन, कार्यदेशक, अनूप कुमार नामेदव, कार्यालय सहायक, प्रेमचन्द्र प्रजापति, कमलेश सेन के साथ राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, ललितपुर के समस्त स्टॉफ व प्रशिक्षण प्रदाता द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त कार्यक्रम का संचलान अनुदेशक, श्री चन्द्रभान प्रजापति, द्वारा किया गया।

## खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन की वार्षिक बैठक संपन्न

# खाद्य सुरक्षा के अंतर्गत होटल ढाबे के लिए ईट राइट के तहत लाइसेंस बनाए जाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की शुरूआत में सहायक आयुक्त खाद्य-कक द्वारा विभागीय कार्यों को (वर्तमान वित्तीय वर्ष में) बताया गया। जिस पर द्वारा संतोष व्यक्त किया गया तथा निर्देश दिया गया कि प्रवर्तन कार्यवाही प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिस बल के साथ किया जाये तथा मिलावट के स्रोत पर कार्यवाही की जाये। दूध के उत्पादन का आकलन कर मिलावट के स्थानों को चिन्हित कर प्रवर्तन कार्यवाही की जाये। अपर जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा एलअधिकारी एवं समाज कल्याण अधिकारी के सहयोग से सभी आवासीय विद्यालयों को ईट राइट स्कूल के अन्तर्गत प्रमाणीकरण कराने के निर्देश दिये। उनके द्वारा कारागार के मेस, अस्पताल के कैन्टीन, पुलिस लाइन के कैन्टीन का भी ईट राइट कैम्पस के अन्तर्गत प्रमाणीकरण कराने का निर्देश दिया गया। अधिकाधिक ढाबों एवं रेस्टोरेन्ट को हाइजीन रेटिंग के अन्तर्गत प्रमाणीकरण के निर्देश दिये। जिला पंचायत राज्य अधिकारी द्वारा सेव पर स्टीकर हटाने के लिये सुझाव दिया गया। अपर जिलाधिकारी अंकूर श्रीवास्तव द्वारा ईट राइट स्ट्रीट फूड हव एवं तुवन बिहार मंदिर को शीघ्र प्रमाणीकृत किये जाने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा

# प्रदेश अध्यक्ष पर हुई एफआईआर को लेकर कांग्रेस में आक्रोश, मुकदमा वापस लेने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ दयाराम रजक एवं मुख्य अतिथि जिला प्रभारी कुंवर मुकुट सिंह बलवंत सिंह यादव के नेतृत्व में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पर हुई एफ आई आर को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय वाराणसी के पवित्र स्थल सनातन धर्म में काशी दर्शन करने गये गये थे वहां श्रद्धालु मूलभूत समस्याओं को लेकर संघर्ष करते नजर आए तो उन्होंने कहा कि संपूर्ण देश की आस्था का प्रतीक काशी में धार्मिक आस्थाओं का शहर है जनता के लिए जहाँ मूलभूत समस्या के लिए जूझना पड़ रहा है और सुविधा का कोई इंतजाम नहीं है भाजपा की डबल इंजन सरकार फर्जी विकास का ढिंढोरा पीठ रही है और सिर्फ लोक लुभावाने नारे तक सीमित है इन्हे जनता की तकलीफों से कोई लेना-देना नहीं है इन समस्याओं को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित कराया तो फर्जी मुकदमा दर्ज कर दिया गया यह मुकदमा लोकतंत्र को कुचलने का काम किया है इस फर्जी मुकदमा इस आलोकतांत्रिक करवाई का कांग्रेस विरोध करती है महामहिम को जनता की परेशानियों की ओर ध्यान आकृष्ट कराना है कि वाराणसी में जल भराव ध्वस्त सीवर पीड़ित दुकानदार जाम से परेशान जनता की समस्या के निराकरण हेतु सरकार का ध्यान पदयात्रा के माध्यम से आकृष्ट कराना है जनता की आवाज उठाने को लेकर सिगरा थाने में प्रदेश अध्यक्ष पर मुकदमा दर्ज कराया गया इस संबंध में समस्त कांग्रेस जन आपसे मांग करते हैं कि तत्काल मुकदमा वापस कराया जाए और मूलभूत समस्याओं को दूर करने के लिए सरकार को हस्तक्षेप करना चाहिए कांग्रेसियों ने जोरदार नारे लगाते हुए मुकदमा वापस लेने की मांग की ज्ञापन पर नगर अध्यक्ष रामनरेश दुबे जसपाल सिंह राकेश रजक पूर्व अध्यक्ष मोहन सिंह चंदेल हरी बाबू शर्मा पंकज हुंडेत संजीव चौरसिया शशिकांत दीक्षित सीताराम राय अजय प्रताप सिंह तोमर नागेश रजक दीपक रैकवार बृजेश शांडिल सुशील श्रीवास सुरेंद्र सेन राम सिंह यादव इमरान गजेंद्र सिंह बुंदेला सुनील खजुरिया कुलदीप पाठक हरदेव सिंह समरथ कुशवाहा रफीक अली जगभान कुशवाहा सुनील कुशवाहा पंचू कुशवाहा बृजेश गुप्ता मानवेंद्र सिंह लाखन सिंह रामगुलाम देशराज बृजेश बृजभान सिंह गोपी सहरिया आदि उपस्थित थे।

## शांतनु, अंकित सागर जिले में प्रथम, द्वितीय

# शतरंज खिलाड़ी अंजलि का नेशनल स्पर्धा में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



बीपीसीएल द्वारा संचालित प्रोग्राम लक्ष्य के अंतर्गत शतरंज का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों ने सागर में हुई नेशनल चयन प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। ग्राम आगासौद की शतरंज खिलाड़ी अंजलि चौरसिया का चयन नेशनल प्रतियोगिता की चयनित बालिका टीम के लिए हुआ है। अंजलि ने 8 राउंड में पांच मैच जीतकर चौथा स्थान प्राप्त किया।

शांतनु परिहार 5.5, अंकित बरार 5 अंक प्राप्त कर सागर जिले में प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर रहे। इसके अलावा राम मिलन दांगी 4.5, खुशबू कुशवाहा 4, अमृता चौरसिया 4, निकिता कुशवाहा 4, शुभ्रा ठाकुर 3.5, राज चढ़ार 3, सलोनी ठाकुर 3, स्वाति अहिरवार ने 2.5 अंक प्राप्त किए। गौरतलब है कि बीपीसीएल, संस्था समन्वय मंडपम के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्र में खेल गतिविधि संचालित कर रहा है। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत शतरंज एथलेटिक्स और कुश्ती का प्रशिक्षण दिया जाता है। अब तक ग्रामीण क्षेत्र के 8 खिलाड़ी शतरंज में इंटरनेशनल रेटिंग प्राप्त कर चुके हैं।

### महिला संयोजक अंजली गुप्ता व वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनी निधि गर्ग

शिवपुरी। रविवार को वार्षिक आमसभा में सर्व सम्मति से वर्ष 2025-26 की नवीन महिला पदाधिकारी एवं महिला कार्यकारिणी का गठन संस्था के जिलाध्यक्ष सुदर्शन प्रधान के द्वारा किया गया। समिति प्रदेशाध्यक्ष राकेश गर्ग टिल्लू एवं समिति के प्रदेश संयोजक संदीप गुप्ता की सहमति से इन नामों की घोषणा की गई। महिला संयोजक अंजली गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष निधि गर्ग, उपाध्यक्ष सपना गोयल, महामंत्री रेखा अग्रवाल, सहमंत्री संगीता प्रधान, कोषाध्यक्ष प्रीति बंसल, मीडिया प्रभारी अंकिता वैश्य, प्रचार मंत्री कामना गुप्ता शामिल है। वहीं महिला कार्यकारिणी में जिन सदस्यों को जिम्मेदारी दी गई। उसमें प्रमुख रूप से रूबी गुप्ता, ज्योति गुप्ता, नम्रता गुप्ता, राधा जैन, ममता जैन, शिखा जैन, मनीषा बंसल, गौरी बंसल, संगीता गुप्ता, सुनीता बंसल, मधु अग्रवाल एवं ललिता गोयल शामिल है।

# डीजल मैकेनिक ट्रेड का प्रोजेक्ट प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी



शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई पिछोर में इग्नाइट प्रोजेक्ट के तत्वावधान में श्प्रोजेक्ट कंपटीशन प्रतियोगिता 2025 का सफ ल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में शासकीय आईटीआई पिछोर एवं खनियांधाना के विभिन्न ट्रेडों के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। प्रत्येक व्यवसाय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न तकनीकी नवाचारों पर आधारित प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए गए। प्रतियोगिता में डीजल मैकेनिक ट्रेड के छात्रों द्वारा तैयार किया गया। सिक्स सिलिंडर वी.शेप एयर कूल्ड इंजन प्रोजेक्ट को उत्कृष्ट प्रस्तुति एवं तकनीकी गुणवत्ता के आधार पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि निलेश सेन पांडे ट्रेडिंग एवं विद्युत विभाग से कनिष्ठ अभियंता रमाकांत सौलंकी उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों के कार्यों की सराहना की गई एवं उन्हें तकनीकी क्षेत्र में निरंतर नवाचार के लिए प्रेरित किया गया। प्रत्येक प्रतिभागी को इग्नाइट प्रोजेक्ट के द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

### विधायक ने लिखा सीएम को पत्र, किसानों की मुआवजा व आर्थिक सहायता की मांग



पिछोर। पिछोर विधायक प्रीतम सिंह लोधी ने क्षेत्र में लगातार बारिश होने के कारण किसानों के नुकसान की भरपाई तथा मुआवजा व आर्थिक सहायता के लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव को एक पत्र लिखा है। इसमें विधायक के द्वारा लिखा गया कि मेरी विधानसभा क्षेत्र 26 पिछोर में हाल ही में अत्यधिक वर्षा होने के कारण यहां के मेरे किसान भाईयों की फ सलों की समय पर बुबाई न होनें तथा जिन किसानों के द्वारा बुबाई की जा चुकी है। उनका खाद एवं बीज भी अत्यधिक वर्षा होने के कारण बर्बाद हो गया हैं। इसके साथ ही बुनियादी ढांचे भी प्रभावित हुए हैं। अधिक वर्षा होने के कारण मेरी विधानसभा क्षेत्र के मेरे परिवारों को तत्काल सहायता की आवश्यकता है तथा प्रारंभिक तौर पर प्रभावित क्षेत्र का शीघ्र अति शीघ्र सर्वे कराया जाए, ताकि नुकसान का सही आंकलन किया जा सके एवं प्रभावित परिवारों को मुआवजा का सही लाभ प्राप्त हो सके। जिससे वह अपने जीवन को पुनः संभाल सके इसके साथ ही बारिश के चलते ग्रामीण क्षेत्र की सड़क, झोपडी, पुलिया मकान आदि क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

## सिकंदरा बैरियर बंद होने पर भी की जा रही है चालकों से वसूली

# वाहन से एक से दो हजार रुपए प्रति चक्कर वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा



जिले के सिकंदरा परिवहन चेकपोस्ट पर ट्रक चालकों के लिए हालात बद से बदतर हो गए हैं। स्थिति यह है यहां चेकपोस्ट प्रभारी अशोक शर्मा ने नियमों की आड़ में खुलेआम वसूली का अड्डा बना लिया है। गौरतलब यह है कि यहाँ दिन-रात वसूली की जा रही है। बल्की यहां पुलिस के अलावा दो दर्जन से ज्यादा प्रायवेट लोग नियुक्त कर ट्रक चालकों से बिना किसी वैध रसीद या दस्तावेज के 1000 से 2,000 रुपये प्रति ट्रक वसूल की जा रही है। इस लूट ने हाइवे को जाम की गिरफ्त में ले लिया है। जहाँ 2 किलोमीटर तक लंबा जाम अब आम बात हो गई है। यह जाम न केवल चालकों, बल्कि यात्रियों और स्थानीय लोगों के लिए भी भारी मुसीबत का कारण बन रहा है। जिससे हाईवे पर हमेशा अव्यवस्था बनी रहती है। मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार और बदनामी के कारण पहले परिवहन चेकपोस्टों को बंद करने की घोषणा की थी। लेकिन इस निर्णय से ट्रक चालकों को राहत की उम्मीद जगी, कि चेकपोस्टों पर होने वाली अवैध उगाही से वे पहले ही परेशान थे। लेकिन सिकंदरा चेकपोस्ट ने सरकार के आदेशों की धज्जियाँ उड़ाई जा रही है। चालक बताते हैं कि यह अवैध वसूली उनकी मेहनत की कमाई छीन रही है। कई चालकों ने खुलासा किया कि विरोध करने पर उन्हें मारपीट की धमकी दी जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना किसी डर के हाईवे पर आतंक मचाए हुए हैं। यह चेकपोस्ट अब नियमों को लागू करने का केंद्र नहीं, बल्कि लूट का गढ़ बन चुका है। ट्रक चालकों और स्थानीय लोगों में इस लूटतंत्र के खिलाफ गहरा आक्रोश है। उनका कहना है कि सिकंदरा चेकपोस्ट पर हो रही यह उगाही न केवल परिवहन व्यवसाय को चौपट कर रही है। बल्कि मध्य प्रदेश सरकार की साख को भी बट्टा लगा रही है। चालकों का आरोप है कि सरकार के चेक पोस्ट बंद करने के फैसले के बावजूद सिकंदरा में यह लूट जारी रहना जिला प्रशासन और परिवहन विभाग की विफलता को दर्शाता है। कुछ चालकों ने बताया कि इस अवैध वसूली के कारण वे अपनी आजीविका चलाने में असमर्थ हो रहे हैं।

### इनका कहना है

प्राइवेट लोग नहीं कुछ दलाल टाइप के लोग सक्रिय हैं, इनकी हमने शिकायत पहले भी दर्ज कराई थी और अब भी शिकायत भेज दी है। यहां कोई वूसली नहीं केवल ऑनलाइन चालान होता है।

**अशोक शर्मा,** ट्रांसपोर्ट इंस्पेक्टर

चेक पोस्ट शासन द्वारा बंद कर दिए गए हैं, लेकिन 12 जुलाई से चेक पोस्ट की जगह चेक पॉइन्ट चालू कर दिए गए हैं। ऐसा कोई मामला नहीं है, फिर भी में दिखवाएं लेती हूं।

**रंजना सिंह कुशवाह,** जिला परिवहन अधिकारी